जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं और समस्या : परिसर में प्रदर्शन

8 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमएचओ के नाम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित अलावा को सौंपा ज्ञापन

झाबुआ। जिला चिकित्सालय में आए दिन लापरवाहियां एवं समस्याएं सामने आती रहती है। अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और समस्याओं को लेकर 8 अक्टूबर, बुधवार दोपहर 1 बजे से आम आदमी पार्टी की जिला इकाई द्वारा चिकित्सालय परिसर में कड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम ज्ञापन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित अलावा को प्रेषित किया गया।

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगाड़ ने बताया कि जिला चिकित्सालय में आसपास के ग्रामीण अंचलों से आने वाले भोलेभाले आदिवासी समाज के लोगों की कोई सुनवाई नहीं होती है। निर्धन वर्ग के लोगों को उपेक्षित किया जाता है। उन्हें चिकित्सालय में उपचार से लेकर गोली-दवाईयों और अन्य जांचो के लिए भटकना एवं परेशान होना पड़ता है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग कुंभकरण की नींद सो रहा है और सब जानकर भी आंखे मूंदकर बैठा है। विभिन्न जांचों के लिए मरीजों एवं परिजनों को परेशान होने के साथ एंबुलेंस और अन्य सुविधाओं के लिए भी रोगी एवं परिजन भटकते रहते है। यह जिला मुख्यालय का अस्पताल होने एवं पूर्व में चिकित्सालय को आईएसओ का दर्जा भी प्राप्त होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों से लेकर अधिकारी-कर्मचारियों का ग्रामीण जनता के साथ रवैया संतोषजनक नहीं रहता है। यदि चिकित्सालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यवस्थाओं में जल्द ही सुधार नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी द्वारा अस्पताल के बाहर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन की रहेगी।

8 सूत्रीय मांगे रखी-आम आदमी पार्टी द्वारा करीब एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन लेने हेतु वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित अलावा पहुंचे। जिन्हें आप के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगाड़ ने विस्तार से सारी समस्याएं बताई। जिसमें मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में उपलब्ध ब्लड की मात्रा ब्लड बैंक के बाहर चार्ट में प्रदर्शित करने, बैंक में ब्लड उपलब्ध है, तो मरीजों को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर बिना ब्लड डोनर बुलाए तुंरत रक्त जरूरतमंद रोगी को उपलब्ध करवाया जाने, मरीजों को एक्स-रे की मोबाईल में फोटो देने की बजाय उन्हें एक्स-रे की ओरिजनल प्रिंटेड कॉपी दी जाने, जिला अस्पताल में सोनोग्राफी प्रतिदिन समय पर की जाने, जिस डॉक्टर की ओपीडी ड्यूटी रहती है, उस चिकित्सक का नाम, मोबाईल नंबर एवं ड्यूटी का समय आदि ओपीडी कक्ष के बाहर चस्पा किए जाने, इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर को ओपीडी कक्ष में ही उपलब्ध रहने, चिकित्सालय में वैकल्पिक एनेस्थिया डॉक्टर की नियुक्ति की जाने, रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नियुक्त करने आदि मांग ज्ञापन में की गई।

मांगों पर अमल नहीं होने पर चिकित्सालय के घेराव की चेतावनी

सभी मांगों के उचित निराकरण का आश्वासन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलावा द्वारा आप पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को दिया गया। आप जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगाड़ ने कहा कि आप के कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा जाएगा, यदि मांगों पर तत्काल ही अमल नहीं हुआ एवं लापरवाही पाई गई, तो जिला चिकित्सालय का घेराव कर कलेक्टर से इस मामले में कार्रवाई की मांग की जाएगी।

एक नजर में

श्री गौवर्धननाथ हवेली में 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व एवं 21 अक्टूबर को गौवर्धन पूजा और गाय-गोहरी पर्व मनाया जाएगा

झाबुआ। शहर के आजाद चौक के समीप श्री गौवर्धननाथजी की हवेली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपोत्सव-2025 का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाएगा। सभी आयोजन श्री गौवर्धननाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए जाएंगे। जिसमें विशेष सहयोग यमुना महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं सखी मंडल द्वारा प्रदान किया जाएगा। जानकारी देते हुए युवा कान्हा अरोड़ा ने बताया कि दीपोत्सव-2025 की शुरूआत 16 अक्टूबर गुरूवार से होगी। 17 अक्टूबर शुक्रवार को रमा एकादशी व्रत, 19 अक्टूबर रविवार को धनतेरस, 20 अक्टूबर सोमवार को रूपचतुर्दशी एवं दीपावली (दीपोत्सव) पर्व, दीपदान हटड़ी, गोकर्ण जागरण एवं गौ-माता पधारेंगे, प्रभु के सांय दर्शन शाम 7 बजे से होंगे। 21 अक्टूबर मंगलवार सुबह 10 .30 बजे से श्री गोवर्धन पूजा एवं शाम 4 बजे मंदिर परिसर में गाय गोहरी पर्व मनाया जाएगा। शाम 6 बजे भगवान के अन्नकूट दर्शन होंगे। 23 अक्टूबर, गुरूवार को यम द्वितीया (भाईदूज) का आयोजन होगा। उक्त सभी उत्सव एवं त्यौहार प्रधान पीठ (नाथद्वारा) के अनुरूप मनाए जाएंगे। जिसमें समस्त वैष्णवजनों एवं भक्तजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण

किसानों से अधिकाधिक पंजीयन कराने की अपील

झाबुआ, 08 अक्टूबर 2025। प्रदेश शासन द्वारा किसानों को उनकी कृषि उपज का उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना वर्ष 2025 संचालित की जा रही है। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री एन. एस. रावत तथा उपायुक्त सहकारिता श्री डी. सी. भिड़े द्वारा 07 अक्टूबर 2025 को तहसील पेटलावद के झकनावदा, बोलासा, रायपुरिया, मार्केटिंग संस्था पेटलावद, थांदला, नौगांव, मेघनगर के सोयाबीन भावांतर पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में 08 अक्टूबर 2025 को तहसील झाबुआ एवं रानापुर के पंजीयन केंद्र आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था करड़ावद बड़ी, पिटोल बड़ी, कुन्दनपुर, समोई, मोरडुण्डिया, राणापुर एवं सहकारी विपणन संस्था रानापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें तथा पंजीयन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। जिले के सभी किसान भाइयों से आग्रह है कि वे भावांतर भुगतान योजना के ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन कराएं। जिले में पंजीयन हेतु 50 पंजीयन केंद्रों पर निशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही किसान स्वेच्छा से एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) या लोक सेवा केंद्रों पर सशुल्क पंजीयन भी करवा सकते हैं।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने गेल कंप्रेसर स्टेशन झाबुआ में भूतपूर्व सैनिकों से की मुलाकात*

झाबुआ, 08 अक्टूबर 2025। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रतलाम कर्नल हरमीत सिंह (से.नि.) ने 08 अक्टूबर 2025 को गेल कंप्रेसर स्टेशन झाबुआ (ब्रङ्करुष्टश्व्वक्षह्ह्ह्यह्यश्ह्न स्ह्लङ्खह्ल्वश्च्च छ्ह्ह्ङ्खह्ङ्ख) में सिक्यूरिटी ड्यूटी में तैनात भूतपूर्व सैनिकों से मुलाकात की तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की। झाबुआ के गेल स्टेशन के सिक्यूरिटी ऑफिसर श्री रंजन ने कर्नल हरमीत सिंह तथा कप्तान बंशी लाल कटारे का स्वागत किया एवं भूतपूर्व सैनिकों से उनका परिचय कराया। गेल में तैनात सिक्यूरिटी गार्ड विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से आ कर अपनी सेवाएं दे रहे है। कर्नल सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें किसी भी तरह की समस्याएं हो तो रतलाम कार्यालय में आकर या दूरभाष द्वारा संपर्क कर सकते है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी को अपने व्यक्तिगत दस्तावेजों जैसे पीपीओ, आधार कार्ड, पान कार्ड, आई कार्ड की जांच कर उसमें व्यक्तिगत जानकारी में कोई त्रुटी हो तो जल्द से जल्द ठीक करा लेना चाहिए। उन्होनें आम परेशानियां जैसे पेंशन जमीन विवाद, स्पर्श ईसीएचएस सीएसडी इत्यादी से संबंधित जानकारी दी।

बामनिया में संयुक्त दल द्वारा जांच कर नमूने लिए गए

झाबुआ, 08 अक्टूबर 2025। आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री चंदर सिंह सोलंकी द्वारा नापतोल विभाग एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन का संयुक्त जाँच दल गठित किया गया। जिसके निर्देशों के परिपालन में दल द्वारा 08 अक्टूबर 2025 को जिले के बामनिया में किराना दुकानों की जांच की गई। जांच में माहेश्वरी किराना, साडूमाता किराना, वैरागी किराना इत्यादि पर निरीक्षण कर तेल, घी, दलिया, सूजी आदि के कुल 8 नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। साडूमाता किराना पर एक्सपायरी खाद्य सामग्री रखी पाए जाने की स्थिति में संपूर्ण कन्फेक्शनरी को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही नापतोल निरीक्षक श्री कपिल कदम ने निरीक्षण कर मानक घोषणा अंकित न पाए जाने की स्थिति में विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। जाँच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राहुल सिंह अलावा, वेलसिंह मोरी, नापतोल निरीक्षण श्री कपिल कदम एवं श्रम सहायक श्री संजय पांचाल उपस्थित रहे।

नवभारत
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा (झाबुआ)

9 दिवसीय शाश्वती श्री नवपद ओलीजी तप आराधना की 100 से अधिक तपस्वियों के पारणे के साथ हुई पूर्णाहुति

श्री संघ द्वारा लाभार्थी कटारिया परिवार का किया गया बहुमान

झाबुआ। स्थानीय श्री ऋषभदेव बावन जिनालय उपाश्रय में आयोजित 9 दिवसीय श्री सिद्धचक्र नवपद ओलीजी तप आराधना का 8 अक्टूबर, बुधवार को सभी तपस्वियों के पारणे के साथ पूर्णाहुति हुई। लाभार्थी कटारिया परिवार द्वारा सभी तपस्वियों का बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्री संघ की ओर से लाभार्थी प्रकाशचंद्र, पूर्वेश, पीयूष कटारिया परिवार का शाल-श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर बहुमान किया गया। साथ ही लाभार्थी कटारिया परिवार द्वारा सकल श्वेतांबर श्री संघ का साधर्मीवात्सल्य का आयोजन भी किया गया।

परम पूज्य साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 एवं महासती पूज्या श्री प्रज्ञाजी मसा आदि ठाणा 5 की पावन प्रेरणा एवं शुभ निश्रा में विगत 29 सितंबर से प्रारंभ 9 दिवसीय श्री नवपद ओली जी का तपस्वियों के पारणे के साथ ही पूर्णाहूति हुई। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे से सभी तपस्वियों के पारणे कराए गए। पारणे के साथ ही लाभार्थी परिवार द्वारा सभी तपस्वियों का बहुमान किया गया। प्रातः 9.30 बजे से धर्मसभा का आयोजन हुआ। जिसमें पूज्य साध्वीजी भगवंत ने कहा कि सम्यक ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना कर एवं सहीं समझ के साथ उत्कृष्ट तप की आराधना करने से जीव अपने पूर्व संचित कर्मों को नष्ट कर मोक्ष के अविरल सुख को प्राप्त करता है। नवपद के तपस्वी श्रीपाल राजा की तरह इसलोक और परलोक दोनों में सुख को प्राप्त करता है। महासती पूज्य श्री प्रज्ञाजी मसा ने कहा कि हम उठते ही पाप कार्य में लग जाते हं। हमें इस भव सागर से तिरना है, तो धर्ममय जीवन बनना पड़ेगा उठने और सोने की कला भी जीव को आना चाहिए। हमें सुबह उठते ही अपने कर्मो को क्षय करने के लिए 8 बार श्री नमस्कार महामंत्र एवं सोने से पूर्व 7 बार श्री नवकार महामंत्र का जाप आवश्यक रूप से करे।

नवपद के 21 लाख से अधिक हुए जाप

9 दिवसीय आराधना में 100 से अधिक तपस्वियों ने विगत 9 दिन में क्रमशः प्रत्येक दिन अरिहंत, सिद्ध, आचार्य उपाध्याय, साधु, दर्शन, ज्ञान, चारित्र एवं तप इन नव पदों की आराधना कर 21 लाख से अधिक जाप कर्मक्षय, आत्मशुद्धि एवं विश्व कल्याण की भावना के साथ किए। बहुमान कार्यक्रम में तप अनुमोदना करते हुए श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, श्री वर्धमान स्थानक श्री संघ अध्यक्ष प्रदीप रूनवाल, मेघनगर श्री संघ एवं वैश्य महासम्मेलन की ओर से विनोद बाफना, मनोहरलाल छाजेड़ आदि ने सभी तपस्वियों की सुखसाता पूछते हुए अनुमोदना की साथ ही लाभार्थी कटारिया परिवार के द्वारा आयोजित आयंबिल तप की सराहना करते हुए अनुमोदना की गई। पूर्वेश कटारिया द्वारा पूज्य साध्वीश्री भगवंत को वंदन करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की एवं तपस्वी और पधारे हुए सभी अतिथिओ के प्रति आभार व्यक्त किया।

अभिनंदन पत्र भेंट कर किया गया बहुमान

तप आराधना आयोजन के लाभार्थी प्रकाशचन्द्र, पूर्वेश, पीयूष कटारिया परिवार का मूर्तिपूजक श्रीसंघ, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, श्री तेरापंथ महासभा की ओर से सभी पदाधिकारियों ने शाल-श्री फल एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर बहुमान किया। अभिनंदन पत्र का वाचन वरिष्ठ यशवंत भंडारी के द्वारा किया गया। सकल श्री संघ के बहुमान पश्चात् तपस्वी परिवार द्वारा श्री महावीर बाग समिति, श्री गौडी पार्श्वनाथ तीर्थ, श्री चातुर्मास समिति, श्री संघ मेघनगर, परिषद् परिवार, जैन सोशल ग्रुप, भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई आदि कई संस्थाओं द्वारा बहुमान किया गया। कार्यक्रम पश्चात सकल श्री संघ का साधर्मीवात्सल्य का आयोजन लाभार्थी परिवार द्वारा किया गया।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्री संघ के वरिष्ठ धर्मचंद मेहता, मनोहरलाल छाजेड ,सुजानमल कटकानी, कमलेश कोठारी, सोहनलाल कोठारी, ज्ञानचंद मेहता, राजेंद्र कटकानी, राजेन्द्र चौधरी, मुकेश लोढा, दीपेश जैन, अनिल रुनवाल, निशान शाह, अंतिम जैन, उल्लास जैन, राजेश मेहता, संजय जगावत, रिंकू रूनवाल, अमित सकलेचा, रमेश बाठीया, नरेन्द्र संघवी, अक्षय लोढ़ा आदि कई महानुभाव उपस्थित थे।

कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाएं और हॉस्पिटल का करें सतत विजिट - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

कलेक्टर नेहा मीना ने कुपोषण मुक्त झाबुआ के नवाचार मोटी आई कैंपेन पर दिया प्रेजेंटेशन

झाबुआ, 08 अक्टूबर 2025। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक नई सुविधाए प्रारंभ की गई हैं। कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करें और हॉस्पिटल में सतत विजिट करें, जिससे हॉस्पिटल की कमियों को दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स से कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ दिलाएं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को आसान बनाया जाये, जिससे आमजन को सहज रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं। पीपीपी मॉडल पर भी अनेक कॉलेज प्रारंभ हुए हैं। वर्तमान में तीस से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। शीघ्र इनकी संख्या 50 हो जाएगी। प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले के नागरिकों को मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलन में है, उसे अंतिम रूप देकर भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में नागरिकों के हित में सर्वाधिक अनुकूल वातावरण निर्मित किए जाने का प्रयास है।? मुख्यमंत्री डॉ. यादव कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन द्वितीय सत्र %स्वास्थ्य एवं पोषण% को संबोधित कर रहे थे। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव ने राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को सुदृढ़ करने कलेक्टर्स के साथ विस्तृत चर्चा की। सत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), क्षय उन्मूलन और सिकल सेल उन्मूलन के लिए ठोस रणनीति पर विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिशुओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच सुनिश्चित की जाए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (ङ्क।।स्ह्रष्ठ) में गुणवत्तापूर्ण जांच, टीकाकरण और ञ्.ह्स्ह्हरु2.0 पर सटीक डेटा एंट्री की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और बर्थ वेटिंग होम्स में सुरक्षित प्रसव की अनिवार्यता पर जोर दिया।

एक नजर कैथोलिक मिशन स्कूल हिंदी एवं इंग्लिश माध्यम में सद्भावना सभा का आयोजन किया गया

नशीले पदार्थो का नशा करने के बजाय हमे जीवन में सफलता हासिल करने का नशा करना चाहिए -: दीपा गादिया

झाबुआ। शहर में 8 अक्टूबर बुधवार को कैथोलिक मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल (हिंदी एवं इंग्लिश माध्यम) में सद्भावना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाज के वक्ताओं ने नशा मुक्त जीवन, शांति एवं आपसी भाईचारा, शिक्षा के महत्व, मोबाइल के दुष्प्रभाव, नियमित योग के साथ व्यक्तित्व विकास की बात बच्चों को बताई और उन बातों को जीवन में साकार करने की बात कहीं।

बुधवार सुबह करीब 9 बजे कैथोलिक मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में सद्भावना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में दीपा गादीया जैन ज्ञानशाला की मुख्य प्रशिक्षिका, मुस्लिम समाज के धर्मगुरु मौलाना रिजवान नसीम ,बोहरा समाज से अतिथि वक्ता इदरीस बोहरा, इसाई समाज से धर्मगुरु न्यू कैथोलिक मिशन हायर सेकंडरी स्कूल के प्रबंधक फादर कैनेडी थॉमस, गायत्री परिवार के युग प्रवक्ता विनोदकुमार जायसवाल एवं विद्यालय के प्रबंधक और पीआरओ फा. रॉकी शाह, विद्यालय प्राचार्य फा. निरंजन, उप-प्राचार्य सिस्टर मरीना एवं मंजुला सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा गीत, सद्भावना जागरूकता हेतु निवेदन एवं सर्वधर्म प्रार्थना की गई। सभी अतिथि वक्ताओं का स्कूल स्टॉफ द्वारा पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया।

जीवन में सफलता हासिल करने का नशा करे

वक्ताओं के उदबोधन श्रृंखला में दीपा गादीया द्वारा व्यसन मुक्त होकर स्वस्थ मन से धर्म कर्म में लीन होने की बात कहीं। यह भी बताया कि नशा नाश का कारण बन जाता है। उन्होंने बताया कि हमें नशीले पदार्थ का नशा करने के बजाय हमारे जीवन में सफलता का नशा करना चाहिए। माता-पिता के सपनो को साकार करने एवं उन्नति का नशा करना चाहिए। श्रीमती गादीया ने उपस्थित सभी बच्चों को नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलवाया । फा. कैनेडी थॉमस ने इसाई समुदाय के मुख्य उद्देश्य शांति और स्नेह के साथ मानवीय मूल्यों को सहेजकर एक अच्छा विद्यार्थी तथा नागरिक बनने की अपेक्षा की। मुस्लिम समाज से मोलाना रिजवान नसीम द्वारा किताबो का अध्ययन व शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों को स्वर्णिम भविष्य में प्रवेश करने हेतु जागरूक किया गया।

मोबाईल से दूर रहकर योग करने की शिक्षा दी

बोहरा समाज के अतिथि वक्ता इदरीश बोहरा द्वारा मोबाइल को एक व्यसन के रूप में बताते हुए उससे दूर रहकर अध्ययन के प्रति जागरूक होने की बात कहीं। गायत्री परिवार के युग प्रवक्ता विनोदकुमार जायसवाल द्वारा मन को एकाग्रचित्त करने और शरीर को स्वस्थ बनाने हेतु योग करने का अभ्यास एवं व्यक्तित्व विकास को सशक्त करने पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य फा. निरंजन द्वारा सद्भावना प्रार्थना को फलीभूत करने की शपथ दिलवाई एवं सभी के प्रति आभार प्रकट करने के पश्चात राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। विभिन्न समाज के वक्ताओं को एक मंच पर लाने के लिए ललित बैरागी का प्रयास सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ज्योति सोलंकी एवं निवेदिता सक्सेना ने किया।